हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

13 जियो फेसिंग उपस्थिति के विरोध में चिकित्सक...



14 बाकरा रोड पर कार व ऑटो की टक्कर में एक की मौत..



**खबर संक्षेप**

### फसल में नुकसान के दावा को पोर्टल खुला

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि खरीफ फसल क्षति का दावा दर्ज कराने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को आगामी दस सितंबर तक खोला गया है। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसल क्षति संबंधी जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर दर्ज किए गए सभी दावों का राजस्व अधिकारियों द्वारा विशेष गिरदावरी के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद आकलन रिपोर्ट के आधार पर मानक निर्धारित मुआवजा किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना पुलिस ने सट्टा खाईवाली के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से कुछ रुपये व सट्टा पर्चियां बरामद हुई। आरोपी की पहचान कृष्ण निवासी छोटूराम नगर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

### एंटी नारकोटिक सेल ने गांजे सहित पकड़ा

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने सेक्टर 6 थाना क्षेत्र से एक युवक को गांजे सहित गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। आरोपी की पहचान प्रीत निवासी बहादुरगढ़ के रूप में हुई। उसके पास से 256 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बहादुरगढ़ में अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सीआईए-टू बहादुरगढ़ की टीम ने लाइनपार में अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान साहिल निवासी लाइनपार के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। आसौदा थाना पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। मृतक की पहचान करीब 21 वर्षीय हिमांशु के रूप में हुई है। हिमांशु दिल्ली के समसपुर गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, वह बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था। यहां रोहद में दहकोरा मोड़ के निकट उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में उसे काफी चोट आई। नागरिक अस्पताल में लाए तो मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर आसौदा थाना से पुलिस अस्पताल में पहुंची।

**एक जनवरी से अब तक ट्रैक पर 44 लोगों की मौत, छोटूराम नगर बना हॉट स्पॉट, 23 काल के गाल में समाए**

# रेलवे ट्रैक पर लगभग हर पांचवें दिन जा रही एक की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जल्दबाजी के चक्कर में लोग अपना जीवन जोखिम डालने तक परहेज नहीं करते। रेलवे स्टेशन व लाइनों के पास अक्सर ऐसा देखने को मिल जाता है। बहादुरगढ़ क्षेत्र में तो औसतन हर पांचवें दिन रेलवे ट्रैक पर एक जान जा रही है।

इसके बावजूद लोग सबक नहीं ले रहे।जनवरी से लेकर अब तक बहादुरगढ़ जीआरपी की सीमा यानी बॉर्डर से लेकर सांपला तक 44 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। जान गंवाने वालों में 38 पुरुष, 5 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। इनमें से 36 लोग हादसों का शिकार बने, जबकि आठ लोगों ने खुदकुशी की। आत्म हत्या करने वालों में सात पुरुष और एक महिला शामिल हैं।



**गंभीर नहीं हो रहे लोग**

जीआरपी और आरपीएफ द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। लोगों से कहा जाता है कि वे जल्दबाजी में ट्रैक न पार करें, फाटक खुलने का इंतजार करें और ट्रैक के पास बैठने से बचें, लेकिन लोग नहीं मानते। रेलवे पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नियमों का पालन कर ही इन घटनाओं को रोका जा सकता है।

### छोटूराम नगर कई घटनाएं

दिल्ली-रोहतक रेलवे लाइनपर छोटूराम नगर के निकट का एरिया हॉट स्पॉट बन गया है। यहां 23 लोगों की मौत हुई है। यह इलाका घनी आबादी वाला है और यहां लोग अक्सर नियमों की अनदेखी करते हुए ट्रैक पार करते हैं या पटरियों के साथ चलते नजर आते हैं। मरने वालों में प्रवासी मजदूर हैं। कई मामलों में तो शवों की पहचान भी नहीं हो पाती।

### बड़ी वजह जल्दबाजी

अधिकांश हादसे लोगों की जल्दबाजी और लापरवाही का नतीजा हैं। कई बार लोग बंद फाटक के नीचे से निकल जाते हैं, तो कई पटरियों पर बैठकर आराम करते रहते हैं। हादसों में कई बार कानों में ईयरफोन लगाने की वजह से ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं देती और लोग शिकार हो जाते हैं।

### जागरूकता से ही बचाव

विशेषज्ञों का मानना है कि लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना बेहद जरूरी है। जब तक लोग खुद सुरक्षा के नियमों को गंभीरता से नहीं लेंगे, तब तक ऐसे हादसे थमना मुश्किल है। आंकड़े बताते हैं कि बहादुरगढ़ में हर पांचवे दिन किसी न किसी की जिंदगी पटरी पर खत्म हो रही है। जागरूकता और नियमों का पालन ही इन खून से सनी पटरी को साफ करने का एकमात्र उपाय है।

### दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना 25 से होगी लागू

**झज्जर।** एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान को ध्यान में रखते हुए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। यह योजना आगामी 25 सितंबर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना को बेरी उपमंडल में प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत हरियाणा राज्य की 23 वर्ष या उससे अधिक आयु की विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं को प्रतिमाह इक्सीस सौ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

**कृष्णा नगर में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की बड़ी कार्रवाई**

# 7 फैक्ट्रियां सील की और 11 को शोकॉज नोटिस भी जारी

**बोर्ड ने बिजली कनेक्शन काटने के लिए भी बिजली निगम को पत्र लिखा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कृष्णा नगर में लंबे समय से फैल रहे प्रदूषण पर आखिरकार संज्ञान ले लिया गया। जिला उपायुक्त स्वप्निल रविन्द्र पाटिल आदेश के बाद के बाद पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने वीरवार को कार्रवाई करते हुए कई फैक्ट्रियों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। खामियां मिलने पर 7 फैक्ट्री सील की गईं तो 11 को शोकाज नोटिस जारी किया गया है। इनके बिजली कनेक्शन काटने के लिए भी बिजली निगम को पत्र लिख दिया गया है।

### इस संबंध में शिकायतें मिल रही थी

दरअसल, काफी समय से प्रशासन को इस संबंध में शिकायतें मिल रही थी, जिसके बाद प्रशासन गंभीर हुआ और यह कार्रवाई की गई। रीजनल ऑफिसर शैलेन्द्र अरोड़ा, एसडीई अमित और सोनू की टीम ने छापे के दौरान पाया कि 11 यूनिट्स विभाग की अनुमति के बिना चल रही थीं और जल तथा वायु प्रदूषण फैला रही थी। इन सभी यूनिट्स को शोकाज नोटिस जारी किया गया है।



**बहादुरगढ़।** फैक्ट्री में गुरुवार को कार्रवाई करने पहुंचे अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

■ नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा



### अभियान लगातार जारी रहेगा

एसडीई अमित कटारिया की टीम ने कार्रवाई करते हुए सात अवैध फैक्ट्रियों को मौके पर ही सील कर दिया। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ सख्ती आगे भी जारी रहेगी। रीजनल ऑफिसर शैलेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि अवैध फैक्ट्रियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### अवैध प्लास्टिक फैक्ट्रियों पर प्रतिबंध



जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

■ ये आदेश 29 सितंबर 2025 तक प्रभावी रहेंगे : जिलाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जिले में अवैध प्लास्टिक फैक्ट्रियों से फैल रहे प्रदूषण और स्वास्थ्य खतरों को देखते हुए जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत तुरंत प्रभाव से इन गतिविधियों पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह प्रतिबंध परनाला, निजामपुर रोड, बामड़ौली, कानौंदा, खैरपुर, लडरावन,सिद्दीपुर, लोवा कलां और लोवा खुर्द सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में लागू रहेगा। आदेश के अनुसार, इन इलाकों में आवासीय और कृषि भूमि पर अवैध प्लास्टिक औद्योगिक गतिविधियां और प्लास्टिक जलाने की प्रक्रिया पूरी तरह प्रतिबंधित होंगी। गैरकानूनी बिजली कनेक्शन के जरिए संचालित फैक्ट्रियां भी कार्रवाई के दायरे में आएंगी। जिलाधीश ने डीसीपी (मुख्यालय), डीसीपी बहादुरगढ़, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर, एसई यूएचबीवीएनएल, जिला नगर योजनाकार, बीडीपीओ बहादुरगढ़ और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को इस आदेश की सख्ती से पालना कराने और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ये आदेश 29 सितंबर 2025 तक प्रभावी रहेंगे।

## प्रियंका नांदल ने सीएस प्रोफेशनल परीक्षा में हासिल सफलता की



**बहादुरगढ।** प्रियंका का मुंह मीठा कराते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार वार्ड-5 के पंचमुखी चौक की निवासी प्रियंका नांदल ने कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) प्रोफेशनल परीक्षा में सफलता अर्जित कर न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रियंका की इस उपलब्धि से परिवार और परिचितों में खुशी का माहौल है।

पूर्व पार्षद बलजीत नांदल की भतीजी प्रियंका ने बताया कि शुरुआत में उनका लक्ष्य चार्टर्ड अकाउंटेंसी में करियर बनाना था, लेकिन परिस्थितियों के कारण उन्होंने सीएस की राह चुनी। लगातार मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। प्रियंका ने कहा कि यह सफलता परिवार के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। प्रियंका की प्रारंभिक शिक्षा मान सिंह हाई स्कूल से हुई, इसके बाद उन्होंने सेंचुरी स्कूल से 12वीं पास की और वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय से कॉमर्स में स्नातक की पढाई की। उन्होंने सीएस की तैयारी शुरू की और कड़ी मेहनत के बल पर सफलता पाई।

### परिजन बोले-बेटियों के लिए प्रेरणा का संदेश

परिवार के सदस्यों ने प्रियंका को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ताऊ बलजीत नांदल, अत्तर सिंह, सुरेश व अशोक के साथ-साथ मां पूनम, पिता शेषन और भाई गौरव ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्रियंका की सफलता ने न केवल उनके परिवार को गर्व का एहसास कराया है, बल्कि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा का संदेश दिया है कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

## बच्चों को पीजी में 12 सितंबर तक मिल सकता है दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उच्चतर शिक्षा विभाग ने पीजी प्रथम वर्ष व यूजी द्वितीय तथा तृतीय वर्ष में दाखिले के लिए एडमिशन पोर्टल फिर से खोल दिया है। जो छात्राएं किसी कारणवश स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा स्नाकोत्तर प्रथम वर्ष में दाखिला पाने से वंचित रह गई थी, वे सभी छात्राएं अब दाखिला ले सकती हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में एमए अंग्रेजी, एमए भूगोल व एमकॉम में छात्राएं दाखिला लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकती हैं। महाविद्यालय में छात्राएं अपने मनपसंद स्ट्रीम में पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी कर पाती हैं। महाविद्यालय छात्राओं को हरा भरा व सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एडमिशन नोडल ऑफिसर डॉ. नेहा नैन ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग में दाखिले से संबंधित पोर्टल 12 सितंबर तक खोला गया है। छात्राएं दाखिले से संबंधित दस्तावेज लेकर महाविद्यालय आकर पीजी प्रथम वर्ष व यूजी द्वितीय और तृतीय वर्ष की कक्षाओं में दाखिला ले सकती हैं।



प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा।

**गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया ...की हर तरफ गूंज**



**बहादुरगढ़।** गणपति चौक पर पंडाल में विराजे गणेशजी।

### गणपति को 21 किलो के मोदक का भोग लगाया

**बहादुरगढ़।** गणेश चतुर्थी के साथ ही बहादुरगढ़ में गणपति महोत्सव की धूम शुरू हो चुकी है। शहर में जगह-जगह पंडाल सजाए गए हैं। इन पंडालों में श्रद्धालु बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। आसपास का वातावरण भी भक्तिमय बना हुआ है। शहर में पुरानी सब्जी मंडी स्थित गणपति चौक पर विधि विधानपूर्वक गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा स्थापना के बाद भक्तों ने बप्पा को 21 किलो के मोदक का भोग अर्पित किया, वहीं 11 किलो का केक काटकर उत्सव का आगाज किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालक हितैषी सेवा समिति के प्रधान अंकित शर्मा और सचिव सचिन सैनी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में संजू वर्मा मौजूद रहे। रविकांत भौंसले ने बताया कि पिछले कई वर्षों से समिति की ओर से गणपति महोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस बार आयोजन की थीम ऊर्जा बचाओ रखी गई है। महोत्सव के दौरान दस दिन तक भक्तिमय माहौल रहेगा। हर रोज बप्पा की सुबह शाम पूजा-अर्चना होगी। इस दौरान कीर्तन और भंडारे का आयोजन भी होगा। आयोजन के दौरान लोगों को ऊर्जा संरक्षण और अन्य सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाएगा। छह सितंबर को प्रतिमा का विसर्जन हरिद्वार में किया जाएगा।

**उपलब्धि** सीआईएसएफ यूनिट आईजीएसटीपीपी झाड़ली के उप कमांडेंट सूरज बिष्ट ने दी जानकारी

# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में पहली बार पूर्ण महिला कमांडो की टीम तैयार

बल में महिला सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम : सूरज बिष्ट

■ विशेष कमांडो प्रशिक्षण मध्य प्रदेश के बरवाहा में शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अपनी पहली पूर्ण महिला कमांडो टीम को मुख्य अभियानों में शामिल करने जा रहा है। सीआईएसएफ यूनिट आईजीएसटीपीपी झाड़ली के उप कमांडेंट सूरज बिष्ट ने बताया कि बल में महिला सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए महिलाओं के लिए विशेष कमांडो प्रशिक्षण मध्य प्रदेश के बरवाहा स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र रायसी में शुरू हो गया है। यह आठ सप्ताह का कोर्स महिला कर्मियों को उच्च सुरक्षा वाले प्रतिष्ठानों और संयंत्रों में त्वरित प्रतिक्रिया दल तथा स्पेशल टास्क फोर्स स्तर की ड्यूटी के लिए तैयार करेगा।



**झज्जर।** प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते हुए महिला प्रशिक्षणार्थी। फोटो : हरिभूमि

### प्रशिक्षण में 48 घंटे का आत्मविश्वास निर्माण अभ्यास शामिल

सीआईएसएफ यूनिट आईजीएसटीपीपी झाड़ली के उप कमांडेंट सूरज बिष्ट ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में शारीरिक और हथियार अभ्यास, तनाव की स्थिति में लाइव-फायर एक्सरसाइज, सहनशक्ति बढ़ाने के लिए दौड़, बाधा दौड़, रैपलिंग, फिसलन, जंगलों में सर्वाइवल ट्रेनिंग और 48 घंटे का आत्मविश्वास निर्माण अभ्यास शामिल है।

### छोटूराम नगर में फांसी लगाने से युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा मानसिक परेशानी से तंग आकर आत्म हत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान करीब 22 वर्षीय सैमुअल के रूप में हुई है। बुधवार की शाम को सैमुअल फंदे पर लटका देखा गया था।

परिजनों की नजर पड़ी तो उसको संभाला लेकिन देर हो चुकी थी। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद वीरवार को नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सैमुअल द्वारा किन कारणों के चलते यह कदम उठाया, ये तो अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन मानसिक परेशानी की बात कही जा रही है। लाइनपार थाना पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है।

**डीएमसी ने किया दौरा**

## लाइब्रेरी, पार्क, खेल स्टेडियम और शिव चौक पर सफाई प्रबंधन का जायजा



**बेरी।** सफाई व्यवस्था प्रबंधन का जायजा लेते डीएमसी डॉक्टर सुशील कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

वीरवार सुबह डीएमसी डॉक्टर सुशील कुमार ने शहर का दौरा कर हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया। डीएमसी ने सर्वप्रथम लाला रामस्वरूप मैमोरियल पार्क, मेन बाजार, लाइब्रेरी व गौशाला का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने बस स्टैंड, दुजाना चौक, हर्बल पार्क, एमआरएफ सेंटर, खेल स्टेडियम का भी जायजा लियाऔर इस दौरान उक्त क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के साथ ही सड़कों की हालत, नालों की सफाई व्यवस्था तथा इस क्षेत्र के सौंदर्यकरण व सुधारीकरण की दिशा में कैसे कदम उठाए जाएं इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शहर स्वच्छता मुहिम के तहत लोगों को सफाई रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



दिवंगत मानसिंह का फाईल फोटो

### पत्रकार मुकेश शर्मा को पितृ शोक

**झज्जर।** स्थानीय पत्रकार मुकेश शर्मा के पिता सेना से सेवानिवृत्त हवलदार मान सिंह का वीरवार सांय निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बीते कुछ दिनों से वे दिल्ली के एक अस्पताल में उपचाराधीन थे। परिजनों के अनुसार मान सिंह का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 11:00 बजे पैतृक गांव खानपुर खुर्द में किया जाएगा। उनके निधन पर समाजसेवी संगठनों, पत्रकार संगठनों और कई राजनीतिक लोगों ने संवेदना व्यक्त की है। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति मिलें और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान हो। बता दें कि मान सिंह अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक योगदान के लिए क्षेत्र में सम्मानित व्यक्तित्व माने जाते थे।

### बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दुजाना थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि नरेश निवासी छारा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य सिपाही लाल सिंह की टीम द्वारा एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पवन निवासी दुजाना के तौर पर की गई है। आरोपी से चुराई गई बाइक बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

### इलाके में नहीं थम रही वाहनों की चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहनों की चोरी नहीं थम रही। गांव हो या शहर की कॉलोनियां, हर जगह से वाहन उठाए जा रहे हैं। अब तीन और वाहन मालिकों ने पुलिस को चोरी की शिकायतें दी हैं। कुलासी से गाड़ी तो बहादुरगढ़ से दो बाइक चोरी हुई हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बढ़ती वाहनों की चोरी ने पुलिस की परेशानी भी बढ़ा रखी है। कुलासी के निवासी जसबीर का कहना है कि उसने बुधवार की रात मकान के निकट स्थित एक दुकान के साथ अपनी इको गाड़ी खड़ी की थी। वीरवार की सुबह सात बजे देखी तो नहीं मिली। गाड़ी में उसका पर्स भी था, जिसमें जरूरी दस्तावेज थे। काफी तलाश के बाद भी कुछ पता नहीं चला। इस शिकायत पर सदर थाने में केस दर्ज हुआ है। वहीं, नई बस्ती के निवासी दीपक की श्यामजी कांप्लेक्स के बाहर से बाइक चोरी हो गई। जबकि नूना माजरा के निवासी सुरेंद्र की आरजे अस्पताल के निकट से बाइक चोरी हुई है। इनकी शिकायतों पर सिटी थाने में केस दर्ज हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों से वाहनों की चोरी में तेजी से इजाफा हुआ है। हालांकि बीच बीच में पुलिस वाहन चोरों को पकड़ भी रही है लेकिन वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा। इन वारदातों से न केवल वाहन मालिकों को हानि हो रही है, बल्कि पुलिस की भी परेशानी बढ़ी हुई है।

## सीएम व महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भेजा

# जियो फेसिंग उपस्थिति के विरोध में स्वास्थ्य कर्मियों ने दिया धरना

- धरने की अध्यक्षता डॉक्टर आकृति ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। सीएमओ कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी।

स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी के आह्वान पर जियों-फेंसिग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के निर्णय का वापस लिए जाने की मांग को लेकर वीरवार को जिले के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सीएमओ कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता डॉक्टर आकृति ने की जबकि नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन की उपप्रधान कविता गुलिया व सरला भूख हड़ताल पर रही। सुबह करीब दस बजे ही चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी सीएमओ कार्यालय परिसर में धरना दिया और बाद में सीएमओ डॉक्टर जयमाला के माध्यम से सीएम व महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में लिखा गया है कि प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चिकित्सकों व विभाग के सभी के वर्गों के स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपनी उपस्थिति अपने निजि साधनों से जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थित दर्ज करानी होगी और वेतन का भुगतान भी इसी माध्यम से किया जाएगा। स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार इससे जहां उनकी निजता के अधिकारों का हनन होगा। इसलिए इस निर्णय को तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जाए। इस मौके पर डॉक्टर पियूष, फार्मेसी यूनियन के राज्य प्रधान जगदीप सिंह, जिला प्रधान जितेंद्र, एनएचएम जिला प्रधान डॉक्टर अरुण, संदीप कुलताना, एमपीएचडब्ल्यू आनंद मदाना, जयवीर सिंह, अनिल, बनी सिंह, प्रदीप कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के सीखने का स्तर सुधारने पर हुई चर्चा



झज्जर। समीक्षा बैठक में उपस्थित शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए खंड परियोजना कार्यान्वयन इकाई एक समीक्षा बैठक वीरवार को खंड शिक्षा अधिकारी रूपिंद्र नांदल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने सभी हितधारकों द्वारा की गई स्कूल निरीक्षण विजिट के विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने एंडलाइन सर्वेक्षण की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया और सुझाव दिए कि स्कूल भ्रमण के दौरान कमजोर योग्यताओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। गणित में पैटर्न, स्टेटमेंट प्रश्न, बंडलों से गिनती और मुद्रा संबंधी प्रश्नों पर अतिरिक्त कार्य करने व हिंदी विषय में मौखिक पठन प्रवाह पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

## भाषण प्रतियोगिता में अजय ने पाया पहला स्थान



झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

- प्रतियोगिता का आयोजन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रदीप यादव ने किया
- प्रौद्योगिकी के सदुपयोग से ज्यादा उसका दुरुपयोग किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में आधुनिक जीवन पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रदीप यादव ने किया और मंच संचालन डॉक्टर अदिति कादियान ने किया। एमए मनोविज्ञान अंतिम वर्ष के छात्र अजय ने पहला स्थान, एमए मनोविज्ञान प्रथम वर्ष की शिवानी ने दूसरा स्थान और एमए मनोविज्ञान अंतिम वर्ष की छात्रा नैन्सी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर पुष्पेंद्र कादियान, दीपक कुमार और शिव शंकर ने किया। प्राध्यापक प्रदीप यादव ने बताया कि प्रौद्योगिकी के सदुपयोग से ज्यादा उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। डिजिटल एडिक्शन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और साइबर क्राइम भी बढ़ रहा है। इनकी वजह से मनुष्य के पारिवारिक जीवन में विघटन और सामाजिक जीवन में बिखराव आया है और आधुनिक मनुष्य अकेलेपन, चिंता और अवसाद आदि मानसिक समस्याओं से ग्रस्त हो गया है।

# खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी नियमों की जानकारी

- व्यापारियों को एफएसएसएआई के रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नरेश कौशिक व बहादुरगढ़ के व्यवसायी। फोटो :हरिभूमि

बुधवार को बहादुरगढ़ के एक होटल में एफएसएसएआई फोस्टैक खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में होटल संचालकों व व्यवसायियों को खाद्य सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजिंदर और फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. राजेश वर्मा की देखरेख में हुआ, जबकि अध्यक्षता डॉ. जसपाल सिंह राणा ने की। कार्यक्रम में एफएसएसएआई के पैनल ट्रेनर सुधीर विश्वकर्मा ने व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और एफएसएसएआई के नियम-कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी व्यापारियों से इन नियमों को अपने व्यवसाय में लागू करने की अपील की। होटल रॉयल च्वाइस में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नरेश कौशिक पहुंचे। उन्होंने उपस्थित व्यवसायियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जसपाल सिंह राणा ने सभी व्यापारियों को एफएसएसएआई के रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में शहर के कई प्रतिष्ठित व्यापारी, होटल-रेस्टोरेंट व मिष्ठान भंडार संचालक मौजूद रहे।

## मेजर ध्यान चंद जयंती पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आगाज आज से

**झज्जर।** मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस के अवसर पर शुक्रवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का बहादुरगढ़ के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम से आगाज होगा। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को खेलों और फिटनेस गतिविधियों से जोड़ते हुए फिट इंडिया के संदेश को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि खेल दिवस के आयोजन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और तैयारियों का जायजा लिया। वहीं डीएसओ सतेंद्र सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार सुबह आठ बजे हॉकी मैच का आयोजन होगा। जबकि वॉलीबॉल मैच राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल में तथा जयबीर अखाड़ा बूपनिया में कुश्ती मैच होंगे। वहीं शनिवार को मिनी स्टेडियम लोवा खुर्द में फुटबॉल मैच, महर्षि दयानंद स्टेडियम में मुक्केबाजी, बैडमिंटन व हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसके अलावा साइकिल रैली महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम से रवाना होगी व कबड्डी मैच आयोजित होगा।




झज्जर। खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ।

## विद्यार्थियों को तरल खाद तैयार करने की बताई विधि

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान, वाणिज्य विभाग, ललित कला क्लब और रोजगार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए रसोई कचरे और वृक्षों की पत्तियों से तरल खाद बनाने और इसके उद्यमिता अवसर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वनस्पति विज्ञान प्राध्यापक अरविंद कुमार ने बताया कि घरों में प्रतिदिन निकलने वाले सब्जियों के छिलके, फल का अवशेष, बासी भोजन और पेड़ों से गिरने वाली पत्तियां उपयोगी तरल खाद में बदली जा सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को चरणबद्ध तरीके से तरल खाद तैयार करने की विधि बताई और कहा कि इस क्षेत्र में व्यवसाय के भी असीम अवसर उपलब्ध हैं और कम लागत के साथ अच्छा व्यवसाय आरंभ कर सकते हैं। प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और अपशिष्ट प्रबंधन हम अपने घर से ही शुरू कर सकते हैं। तरल खाद बनाने जैसी तकनीकें न केवल खेतों और बागवानी के लिए लाभकारी हैं बल्कि यह हमारे जीवन में स्वच्छता और सतत विकास की दिशा में ठोस कदम हैं।




### रेखाचित्र के माध्यम से किया भगवान श्रीगणेश को नमन

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने भगवान श्रीगणेश का रंगोली रेखाचित्र बनाया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया ने बताया कि सर्वमंगल की कामना के लिए गणेश जी की प्रतिमा को स्थापित किया गया। अब लगातार तीन दिनों तक लगातार पूजा-पाठ करके उनका आशीर्वाद ग्रहण किया जाएगा। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक केएम डागर, प्राचार्या निधि कादियान, एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत व पुष्पा यादव ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर भगवान श्रीगणेश के रेखाचित्र को नमन किया।

### आत्म शुद्धि का प्रतीक दस लक्षण पर्व शुरू

- शहर के जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

**बहादुरगढ़।** दिगंबर जैन समाज का आत्मशुद्धि और आत्मसिद्धि का प्रतीक दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व वीरवार से धूमधाम के साथ शुरू हो गया। शहर के जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालुओं ने क्षमा भाव और क्रोध के त्याग की साधना करते हुए जिनेंद्र भगवान की आराधना की। पूजा-अर्चना के बाद आयोजित प्रवचन में उत्तम क्षमा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रवचनकारों ने कहा कि जीवन को मंगलमय और सार्थक बनाने के लिए साधना आवश्यक है, क्योंकि साधना के बिना जीवन का भाव शून्य हो जाता है। जैन धर्म में दशलक्षण महापर्व के दौरान आत्मा के दस स्वाभाविक लक्षणों क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच (निर्मलता), संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य को आत्मिक शुद्धि का आधार माना जाता है। इस दौरान समाज के लोग वैरभाव मिटाने और आत्म-संयम का संकल्प लेते हैं। पर्व के अगले 9 दिनों में भी विशेष पूजन, प्रवचन और साधना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रहने की संभावना है।



बहादुरगढ़। भगवान जिनेंद्र की अराधना करते भक्त। फोटो :हरिभूमि

**सूचना**

मैं, सरोज पत्नी श्री जय सिंह निवासी गांव दतौड़, तहसील सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा-124501 हाल निवासी मकान नंबर-1873, प्रथमतल, सैक्टर-9ए, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र संजीव कुमार व पुत्रवधु अंजना मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. जयभगवान निवासी मकान नम्बर 736/3, सुभाष नगर लाईन पार बहादुरगढ़, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर ब्यान करती हूँ कि मेरा पुत्र आकाश व उसकी पत्नी मीनाक्षी, मेरा पुत्र राकेश व उसकी पत्नी संजना मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मै उन्हें अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन व व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी ना होगी

शपथकर्ता

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि श्री राजकपूर (पति) राजवंती (पुत्री) राजेश (पुत्र) सुनिल (पुत्र) पति/पुत्री/पुत्र स्व. शकुंतला देवी निवासी नजफगढ़ रोड बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3BOP2B47 वार्ड नं 16/08 कॉलोनी मेन नजफगढ़ रोड नजदीक चौगान माता मंदिर जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 63.56 से 70 वर्ग गज करवाने हेतु Online Applicaton No. 0187037740 द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति न० 3BOP2B47 वार्ड नं 16/08 कॉलोनी मेन नजफगढ़ रोड पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नंबर 3BOP2B47 वर्ग गज प्रार्थी राजकपूर (पति) राजवंती (पुत्री) राजेश (पुत्र) सुनिल (पुत्र) पति/पुत्री/पुत्र लेट शकुन्तला देवी के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

## महिलाएं डायल 112 हेल्पलाइन या ऐप का उपयोग कर तुरंत मदद ले सकती हैं

# महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत दुर्गा शक्ति टीम प्रभारी सुनीता ने गांव कानोंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यापकों और विद्यार्थियों को जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं डायल 112 हेल्पलाइन या ऐप का उपयोग कर तुरंत मदद ले सकती हैं। ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि यात्रा शुरू करने से पहले 112 पर कॉल कर यात्रा विवरण साझा करने पर पुलिस महिला की यात्रा की निगरानी करती है और सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचने तक संपर्क में रहती है। निरीक्षक सुनीता ने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, क्यूआर कोड फ्रॉड, फर्जी वेबसाइट और ऑनलाइन लोन ऐप्स से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साइबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क किया जा सकता है।

## छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में पुलिस व शिक्षकों के साथ छात्राएं।

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. अल्का गुलाटी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा जागरूकता व आत्म-सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा सेल, जिला झज्जर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। सड़क सुरक्षा सेल से आए सब-इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी। सड़क दुर्घटना के दौरान सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा व सहायता सेवा के बारे में भी जानकारी दी। हेड कांस्टेबल जयवीर तथा हेड क्वार्टर रेड कंपनी से हेड कांस्टेबल टीना व अन्य टीम सदस्यों ने छात्राओं को आत्म-सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में छात्राओं को आकस्मिक परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय सिखाए गए, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ किसी भी चुनौती का सामना कर सकें। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्टाफ सदस्य डॉ. सुदेश राठी व डॉ. संगीता ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। सड़क सुरक्षा सेल की संयोजिका डॉ. सीमा तथा सहायक सदस्य मंजू छिकारा, रेखा कुमारी और डॉ. सुशीला भी मौजूद रहीं। अंत में प्राचार्या डॉ. अल्का गुलाटी ने सड़क सुरक्षा सेल की टीम का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### कानोंदा में परिवार को रास्ता रोककर पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा में रास्ता रोककर एक परिवार के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के ही एक व्यक्ति व उसके परिचितों पर आरोप है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कानोंदा के निवासी ओमप्रकाश का कहना है कि बुधवार को वह चारा लेकर घर लौट रहा था। बाइक पर पत्नी भी बैठी थी। रास्ते में गांव के एक व्यक्ति व उसके परिजनों तथा साथियों ने हमारा रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि हम कुछ समझ पाते, उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। मेरा फोन तोड़ दिया। जब मेरा बेटा बीच बचाव के लिए आया तो उस पर भी पत्थरों से हमला कर दिया गया।

### दो बच्चों सहित महिला लापता, मामला दर्ज

**बहादुरगढ़।** बिहार मूल की एक महिला दो बच्चों सहित लापता हो गई है। दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस को दी सूचना में रामेश्वर का कहना है कि वह यहां बहादुरगढ़ स्थित सैनिक नगर में रहता है। गत 26 अगस्त को पत्नी अंशु मेरे दोनों लड़कों के साथ कहीं चली गई। काफी देर तक इंतजार किया लेकिन नहीं आई। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। वहीं, सेक्टर 6 थाने से जांच अधिकारी सुशील का कहना है कि व्यक्ति के बयान पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### लापता युवती का अता-पता नहीं

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल की एक युवती यहां से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। बेटी की तलाश में परिजन लगातार भागदौड़ कर रहे हैं, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। पटेल नगर में रहने वाली महिला ने कहा है कि उसकी 22 वर्षीय बेटी नेहा गत 23 मई को घर से बाहर गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। उसे बहादुरगढ़ तथा अपने गांव में तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस संबंध में सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## समस्या के समाधान की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने डीसी से की मुलाकात

# बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है भावी शिक्षक

- डीसी ने अधिकारियों को मौके पर भेजकर मुआयना कराने और शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर




झज्जर। बिजली-पानी की मांग को लेकर लघु सचिवालय पहुंचे विद्यार्थी व संस्थान परिसर में रोष प्रकट करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन के भावी शिक्षक संस्थान में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की मांग को लेकर लघु सचिवालय पहुंचे। संस्थान के विद्यार्थियों की माने तो इस प्रदेश स्तरीय संस्थान में बिजली-पानी जैसी मूलसुविधाओं से भी उन्हें वंचित रहना पड़ रहा है। इन सुविधाओं के अभाव में न सिर्फ पढ़ाई बाधित हो रही है, बल्कि हॉस्टल और कैंपस में विद्यार्थियों का रहना भी मुश्किल हो गया है। फोर्थ इयर की स्टूडेंट नेहा ने बताया कि उनके संस्थान में बिजली-पानी की कोई सुविधा नहीं है। पेयजल तो दूर की बात यहां तक कि वॉशरूम में भी पानी की किल्लत रहती है। उनके संस्थान में करीब चार सौ विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जबकि संस्थान में केवल एक वॉटर कूलर लगाया गया है उसमें भी पानी ठंडा नहीं रहता।

विद्यार्थी संख्या अधिक रहने के कारण आधे दिन में ही पानी खत्म हो जाता है जिस कारण पेयजल की समस्या भी बनी रहती है। लड़कियों के लिए बनाए गए एकमात्र वॉशरूम में भी लीकेज के कारण दिनभर पानी बर्बाद होता रहता है ऐसे में छात्राओं को परेशानी आती है। फ्री पीरियड के समय विद्यार्थियों के बैठने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। यदि वे बाहर जाकर बैठते हैं तो वहां मच्छरों की भरमार रहती है। विद्यार्थियों के अनुसार पिछले दिनों क्लास रूम के कुछ पंखे खराब हो गए थे। शिकायत करने पर संस्थान प्रशासन द्वारा खराब पंखे उतार तो लिए गए लेकिन बीस से अधिक बीतने के बावजूद पंखों को दुरुस्त करके क्लास रूम में नहीं लगाया गया। ऐसे में जो एक-दो पंखें लगे हुए हैं उनकी गति इतनी धीमी है कि वे ठीक से हवा नहीं देते जिस कारण दिन भर उन्हें पसीने से तर बतर रहते हुए पढ़ाई करनी पड़ रही है।

विद्यार्थियों ने बताया कि जब उन्होंने अपनी इस समस्या की जानकारी शिक्षकों व प्राचार्या को दी उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर की बात कहकर किनारा कर लिया। विद्यार्थियों ने अनुसार संस्थान निदेशक सिर्फ ओरिएंटेशन प्रोग्राम में भी दिखाई देते हैं। ऐसे में वे किसके पास जाकर अपनी समस्या का समाधान कराएं उन्हें यह समझ में नहीं आ रहा। फाइनल इयर की छात्रा नीति ने बताया कि यहां देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। वे यहां टीचर ट्रेनिंग ले रहे हैं। ऐसे में एक भावी शिक्षक को मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं कराई जा रही। छात्राओं ने कहा कि छोटे से छोटे संस्थान में भी साफ-सफाई का ख्याल रखा जाता है लेकिन यहां के वॉशरूमों में कोई सफाई व्यवस्था नहीं है। लड़कों के वॉशरूम में गेट तक टूटे हुए हैं। यदि नीति की माने तो वे अपनी इस मांग को लेकर फाइनल इयर तक पहुंच चुकी है, लेकिन उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पाई।

आज जब वे बिजली की समस्या को लेकर लघु सचिवालय पहुंची तो संस्थान अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने बिजली निगम अधिकारियों से बात कर ली, शीघ्र ही नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। छात्राओं का कहना है कि वे पिछले चार वर्ष से यह मांग करते आ रहे हैं क्या बीते वर्षों में नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सकता था।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

संस्थान की छात्राओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। संस्थान में गार्ड की तैनाती न होने के कारण बाहरी तत्व जब जी चाहे अंदर चला आता है। यहां तक कि गाड़ी भी अंदर तक ले आता है। एक कैंपस की जो सुरक्षा होनी चाहिए वो नहीं है। यहां तक कि एजुकेशन व स्किल डेवलपमेंट की जो बड़ी-बड़ी बातें हमें क्लास में सिखाई जा रही है लेकिन धरातल पर इस प्रकार का कुछ नजर आता। ऐसे में हम जो देखेंगे नहीं तो आगे बच्चों को क्या सिखा पाएंगे।

#### डीसी ने दिया सकारात्मक आश्वासन

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन के विद्यार्थियों ने जब डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल के सामने अपनी समस्या रखी तो उन्होंने विद्यार्थियों की बात गंभीरता से सुनी और तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर भेजकर स्थिति का मुआयना कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द कराया जाएगा।



झज्जर। बेरी अस्पताल में घायलों के प्राथमिक उपचार में लगे चिकित्सकर्मी।

## बाकरा रोड पर कार व ऑटो की टक्कर में एक की मौत, नौ घायल



**झज्जर।** बेरी-कलानौर मार्ग पर बाकरा मोड के पास हुई कार व ऑटो की टक्कर में जहां नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं ऑटो चालक की मौत हो गई। दोपहर बाद करीब तीन बजे हुए इस हादसे की सूचना मिलने पर बेरी थाना प्रभारी व शहर चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहगीरों की सहायता से घायलों को उपचार के लिए बेरी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुग्राम के हेलीमंडी निवासी विकास अपने परिवार के साथ ऑटो में क्षेत्र के गांव आंवल में किसी बुजुर्ग महिला की रस्म तेरहवीं में शामिल होने आया था। जब वे वापिस घर लौट रहे थे तो बाकरा गांव के मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जहां ऑटो के परखचे उड़ गए वहीं कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों में विकास के अलावा उसकी पत्नी पूजा, पुत्र दक्ष व वंश, मां विमला, राजवती पत्नी विजय, जिया, अवरुद्ध व रामनिवास पुत्र बाबूलाल शामिल हैं। जबकि मृतक के शव की पहचान नहीं हो पाई है।

## जहरीला पदार्थ निगलने से व्यक्ति की मौत



**झज्जर।** गांव दादरी तोए में एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय सतबीर के तौर पर हुई है। परिजनों के अनुसार सतबीर पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप परेशान चल रहा था। उसने बीती शाम घर पर ही जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल ले कर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि सतबीर खेती बाड़ी करता था। मानसिक परेशानी के चलते रोहतक पीजीआई से उसका इलाज भी चल रहा था। मृतक के भाई अनिल की शिकायत पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



बहादुरगढ़। पूर्व मंत्री मांगेराम नंबरदार के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सतीश व अन्य।

### पूर्व मंत्री मांगेराम को पुण्य तिथि पर किया नमन

**बहादुरगढ़।** शहर में दिल्ली-रोहतक रोड पर स्थित शतीश नंबरदार के कार्यालय पर पूर्व मंत्री चौ. मांगेराम नंबरदार की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। समर्थकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और नमन किया। उनके जीवन और कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने चौ. मांगेराम नंबरदार की राजनीतिक विरासत और उनके द्वारा किए गए कार्यों की खूब प्रशंसा की। इस मौके पर उनके पुत्र सतीश नंबरदार, पौत्र गौरव राठी, पौत्र राहुल और कार्तिक राठी, पूर्व चेयरमैन अशोक शर्मा, हुकम सिंह पूर्व सरपंच सांखोल, मास्टर रामनिवास छिल्लर, डॉ. योगेश टंडन, विनोद गुप्ता, तेजपाल राठी, बिजेंद्र दलाल, अशोक पुरुथी, सतीश दलाल, नर सिंह राठी, जयभगवान नंबरदार, बबलू दलाल, सरदार भाटिया, धर्मेंद्र गोयत, रणबीर दलाल, दीपक शर्मा, सुमित कुमार, योगेश, सुनील, नरेश व पंकज मौजूद रहे।

## नेशनल बॉक्सिंग में विकास ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल के साथ विकास व अन्य। फोटो : हरिभूमि

जयपुर में हुई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के गांव जगरदपुर निवासी विकास कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 के 56 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

विकास बहादुरगढ़ स्थित बॉडी पॉवर फिटनेस जिम में नियमित अभ्यास करते हैं और कोच रिंकू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेकर इस उपलब्धि को हासिल किया।

स्वर्ण पदक जीतने पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा ने विकास और उसके कोच रिंकू का सम्मान किया। इस अवसर पर जांगड़ा ने कहा कि झज्जर के खिलाड़ियों ने हमेशा प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। विकास की यह जीत न केवल जिले के लिए गर्व की बात है, बल्कि आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा भी है। सम्मान समारोह में राजकुमार, टेकराम शर्मा, संदीप, सौरव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और विकास को शुभकामनाएं दी।

## करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत



**झज्जर।** शहर की नीमवाली कालोनी में हुआ जलभराव अब भयानक रूप लेने लगा है। जलभराव के कारण पानी में फैले करंट के कारण एक भैंस की मौत हो गई। जानकारी अनुसार जब पीड़ित पशुपालक अपनी भैंस को जलभराव के बीच से ले जा रहा था तो उसकी भैंस जब ट्रांसफार्मर के नजदीक से निकली तो खंभे में करंट होने के कारण वह उसकी चपेट में आई। इस घटना में जहां भैंस की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक बच्चा भी करंट लगने से बाल-बाल बचा। इस घटना के बाद रोषित कालोनीवासी देर शाम थाना परिसर भी पहुंचे। जहां पहुंच कर उन्होंने अपनी शिकायत दी। बता दें कि नीमवाली कालोनी में बरसात के दिनों से ही जलभराव की समस्या बनी है। लगातार जलभराव के कारण जहां कालोनीवासी अपने घरों में रहने को मजबूर हैं वहीं लगातार जल भराव के कारण बीमारी संक्रमण का खतरा बना है। कालोनीवासी इस संबंध में विभागीय अधिकारियों के अलावा डीसी को अपनी समस्या से अवगत करा चुके हैं।

## समाधान शिविर में सुनीं गईं 24 शिकायतें



झज्जर। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित निपटान के निर्देश दिए। शिविर में कुल 24 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें से ग्रामीण विकास, राजस्व, बिजली, नगर पालिका और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित अधिक शिकायतें रही। डीसी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।

## हर जिले में जैविक खेती मॉडल विकसित करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बैठक में मौजूद किसान नेता व समितियों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान संघ बादली खंड की ग्राम समितियों के प्रशिक्षण वर्ग की बैठक मुनीमपुर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्लावर्स कल्टीवेशन एंड वेजिटेबल सीड प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड अध्यक्ष अशोक गुलिया ने की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा, संभाग संगठन मंत्री मोहिंदर सिंह, जिला अध्यक्ष धर्मवीर गुलिया और सेंटर इंचार्ज डॉ. सुरेश कुमार मौजूद रहे।

डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि सेंटर में इजरायली तकनीक से सब्जियों और फूलों की पौध तैयार की जाती है, जिसकी लागत 1.20 से 1.40 रुपये प्रति पौध होती है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने कहा कि भारतीय किसान संघ प्रदेश के हर जिले में गो-आधारित जैविक खेती का मॉडल विकसित करेगा। इसकी शुरुआत झज्जर जिले के डाबोदा खुर्द गांव से हो चुकी है।

मिट्टी, पानी और उत्पाद की जांच कर उसका डाटा वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस पद्धति से धरती, जल और पर्यावरण की सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की लागत घटेगी। किसान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। कार्यक्रम में 15 गांवों की ग्राम समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष धर्मवीर गुलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कार व डंपर की टक्कर में कार चालक घायल, रोहतक पीजीआई रेफर



**झज्जर।** तलाव गांव के नजदीक हुई एक दुर्घटना में कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोपहर करीब सवा बारह बजे हुई इस दुर्घटना में कार चालक ने सामने चल रहे डंपर को पीछे से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर का संतुलन बिगड़ने के कारण यह घटना हुई है। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान क्षेत्र के गांव मारौत निवासी दीपक के तौर पर हुई है। राहगीरों की मदद से दीपक को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

## एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं



बेरी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

**बेरी।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। इस दौरान पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉक्टर ऋषिपाल, एआईपीआरओ डॉक्टर अश्वनी शर्मा, पीडब्लूडी विभाग से जेई प्रवीण अहलावत, बिजली निगम से योगेश कुमार, सिंचाई विभाग से जेई मोहित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आज

**झज्जर।** सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि जिले में नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं स्थायी निपटान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक शुक्रवार को संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर दो बजे शुरू होगी। जिसकी अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें ताकि प्रत्येक प्रकरण पर आवश्यक विचार-विमर्श कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## अजय को सौंपी अधिवक्ता परिषद के प्रधान पद की जिम्मेदारी

**झज्जर।** अधिवक्ता परिषद द्वारा स्थानीय बार एसोसिएशन स्थित चौधरी रणबीर सिंह हॉल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिवक्ता परिषद के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रपाल चौहान, आरएसएस के जिला प्रचारक राहुल, सह जिला कार्यवाहक गुरुदास व सरंक्षक कर्ण सिंह एडवोकेट ने मुख्य रूप से शिरकत करते हुए। सर्व सम्मत्ति से हुए चुनाव में अजय यादव को प्रधान, बीडी मिश्रा को महामंत्री, रोशन श्योकंद को कोषाध्यक्ष, पवन राठी, मनजीत पंघाल, अरविंद, मनौज गौड, उमेश जून को उपाध्यक्ष, अन्नु बाला चौहान, आशाराम कौशिक, राकेश शर्मा, कृष्ण गुलिया को सचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। इनके अलावा स्वतंत्र प्रताप सिंह को बहादुरगढ़ इकाई प्रधान, कपिल देव को महामंत्री, सरला शर्मा को जिला विंग की अध्यक्ष, आशीष कोडान को युवा प्रमुख, नवीन बंसल को न्याय केंद्र प्रमुख, यशवीर सिंह, सुरेंद्र डागर को प्रचार प्रमुख की जिम्मेवारी सौंपी गई।



झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## चार दीवारी की हालत जर्जर, मंच व भवन भी बने खंडहर

# 25 वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहा माजरा दूबलधन का खेल स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। माजरा दूबलधन गांव का खेल स्टेडियम। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र के गांव माजरा दूबलधन स्थित खेल स्टेडियम पिछले करीब 25 वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। स्टेडियम में नियमित जलभराव होने के कारण यह बेसहारा पशुओं की शरण स्थली बना है। चार दीवारी की जर्जर हालत के कारण जहां दीवारें कई स्थानों से ढह चुकी हैं वहीं मंच और दो कमरों वाला भवन भी खंडहर बन चुका है। यहां से जल निकासी की दो पाइपलाइन गुजरने के बावजूद सरकार ने अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव की धरती खेल प्रतिभाओं की खान रही है। यहीं से सत्यवान और सत्यव्रत जैसे पहलवान एशियाड और ओलंपिक में देश का नाम रोशन कर चुके हैं और अर्जुन अवॉर्ड हासिल कर चुके हैं। गांव निवासी डॉक्टर दयानंद कादियान ने बताया कि गांव की बहू साक्षी मलिक ने पद्मश्री, खेल रत्न और महिला कुश्ती का पहला ओलंपिक पदक भारत की झोली में डाला। दर्शन व पवन जैसे खिलाड़ी प्रो कबड्डी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमके जबकि हितेश कुमार अयोध्या में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

पूर्व में यहां से ईश्वर सिंह को एथलीट हीरा कहा गया और प्रोफेसर कुलताज सिंह वर्तमान में एमडीयू रोहतक के खेल विभाग की अध्यक्षता कर रहे हैं। गांव के सैंकड़ों युवा खेलों से प्रेरित होकर सेना में भर्ती हुए। गांव के सैनिक प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध, चीन-पाकिस्तान युद्ध और कारगिल में वीरता का परिचय दे चुके हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि माजरा दूबलधन स्टेडियम का जीर्णोद्धार कर इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए। यहां योग एवं वेलनेस सेंटर, कुश्ती और कबड्डी की विंग स्थापित की जाए। ग्रामीणों के अनुसार यदि सरकार ध्यान दे तो माजरा का यह स्टेडियम मिशन ओलंपिक में स्वर्णिम भूमिका निभा सकता है।

#### सड़कों पर अभ्यास करने को मजबूर गांव के युवा

ग्रामीणों का कहना है कि खेल स्टेडियम न होने के कारण युवाओं को सड़कों पर अभ्यास करना पड़ता है, जिससे कई बार चोट लग चुकी है। खेल मैदान की कमी के चलते युवा नशे व बुरी आदतों की गिरफ्त में जा रहे हैं। स्टेडियम के सुधार के लिए कई बार सीएम विंडो और ईमेल पर गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके कारण ग्रामीणों में रोष भी बना हुआ है।

## भिंडावास में चलाया पौधरोपण अभियान

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गांव भिंडावास में पौधारोपण का अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन में एक बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। पर्यावरण दूषित होने के कारण पृथ्वी पर रहने वाले समस्त जीवधारियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण अनेक एक बीमारियां फैलती हैं जिसका दुष्परिणाम समस्त समाज को भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने आहवान किया कि प्रत्येक छात्र को एक पेड़ अपने शिक्षक के नाम लगाना चाहिए और उस छात्र की यह भी जिम्मेदारी बनती है कि वह उसे पेड़ का पूरा रखरखाव ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक रखें। इस मौके पर गांव भिंडावास में एक हजार पौधों का रोपण किया गया।




झज्जर। पौधरोपण करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल। फोटो : हरिभूमि